भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 261**
02 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: छह रबी फसलों के लिए एमएसपी**

**261. श्री धर्मेन्द्र यादवः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में छह रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है;

(ख) यदि हां, तो इन फसलों की उत्पादन लागत तथा प्रत्येक फसल की गणना की गई विशिष्ट लागत का ब्यौरा क्या है;और

(ग) सभी योग्य किसानों को नए एमएसपी पर अपनी उपज बेचने में सक्षम बनाने के लिए सरकार की क्या रणनीति है,जिससे खुले बाजार में मजबूरन बिक्री को रोका जा सके?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क) और (ख):** जी हाँ। रबी मार्केटिंग सीजन (आरएमएस) 2026-27 के लिए छह रबी फसलों की उत्पादन लागत और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का विवरण नीचे दिया गया है।

**आरएमएस 2026-27 के लिए लागत, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)**

**(रु. प्रति क्विंटल)**

| | **रबी फसल** | **लागत** | **एमएसपी** | **लागत पर % मुनाफा** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गेहूँ | 1239 | 2585 | 109 |
| 2 | जौ | 1361 | 2150 | 58 |
| 3 | चना | 3699 | 5875 | 59 |
| 4 | मसूर (मसूर) | 3705 | 7000 | 89 |
| 5 | रेपसीड/सरसों | 3210 | 6200 | 93 |
| 6 | कुसुम्भ | 4360 | 6540 | 50 |

**(ग):** सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नामित खरीद एजेंसियों के माध्यम से कृषि फसलों की खरीद की पेशकश करती है और किसानों के पास अपनी उपज सरकारी एजेंसियों को या खुले बाजार में, जो भी उनके लिए लाभकारी हो, बेचने का विकल्प होता है। एमएसपी में वृद्धि होने से देश के किसानों को लाभ हुआ है, जो खरीद के आंकड़ों और किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि से स्पष्ट है। आरएम्एस 2025-26 के दौरान छह रबी फसलों की खरीद और किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

| **कुल खरीद (एलएमटी में)** | **कुल एमएसपी मूल्य (लाख करोड़ में)** |
|---|---|
| 310 | 79,267 |

*****